# इस साल मिले 116 गिद्ध, पहले थे 81

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल के निर्देश पर मुख्य वन संरक्षक वनवृत्त छिन्दवाड़ा के आदेशानुसार छिन्दवाड़ा वनवृत्त अंतर्गत अंतर्गत नोडल अधिकारी पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025 कार्य तीन दिवस में दिनांक 17, 18, 19 फरवरी 2025 को तीन दिवसीय पूर्ण की गई ।

प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना के प्रथम चरण में छिन्दवाडा जिले के अंतर्गत वनक्षेत्रों में प्रथम दिवस दिनांक 17 फरवरी 2025 को तीनों वनमण्डलों में गणना में पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल के परिक्षेत्र तामिया एवं पूर्व वनमंडल के परिक्षेत्र छिन्दी, अमरवाड़ा, पूर्व हर्रई, पश्चिम हर्रई एवं पश्चिम बटकाखापा में विभिन्न प्रजाति के 85 वयस्क तथा 7 अवस्क गिद्ध कुल 92 गिद्ध पाए गए। जिसमें लांग बिल्ड- 35, देशी गिद्ध- 12, इंडियान/लॉग विल्ड गिद्ध देशी- 37, सफेद या इजिप्शियन गिद्ध- 8 पाए गए।

इसी प्रकार गणना के द्वितीय दिवस दिनांक 18 फरवरी 2025 को विभिन्न प्रजाति के 89 वयस्क तथा 5 अवस्क गिद्ध कुल 94 गिद्ध पाए गए। जिसमें इंडियान / लॉग विल्ड गिद्ध देशी- 44, देशी गिद्ध 40, सफेद पीठ या व्हाईट बैक्ड गिद्ध 8, यूरेशियन ग्रिफ्न- 2 पाए गए।



## तीन दिवसीय गिद्ध गणना संतोषजनक

इसी प्रकार गणना के तृतीय दिवस दिनांक 19 फरवरी 2025 को विभिन्न प्रजाति के 102 वयस्क तथा 14 अवस्क गिद्ध कुल 116 गिद्ध पाए गए। जिसमें इंडियान लॉग विल्ड गिद्ध देशी- 61, देशी गिद्ध 47, सफेद पीठ या व्हाईट बैक्ड गिद्ध- 6, इजिप्शियन गिद्ध- 2 पाए गए।

इस प्रकार तीनों दिवस की गणना का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि इस वर्ष की गणना अनुसार वन वृत्त छिन्दवाड़ा के अंतर्गत 116 गिद्धों की संख्या पाई गई। जबकि विगत वर्ष तीनों दिवस की गणना अनुसार 81 गिद्धों की संख्या पाई गई थी। जिसमें 35 गिद्धों की संख्या में वृद्धि पाई गई है।

# नगर एवं ग्रामीण निवेश विभाग में बिना रिश्वत नहीं होता काम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण निवेश विभाग (टाउन प्लानिंग) विभाग में भर्राशाही का दौर जारी है। यहां के अधिकारी ले आऊट पास करने के लिए न केवल मनमानी रकम मांगी जाती है अपितु ग्रीन लैण्ड में भी कब्जा करवा दिया जाता है।

बताया जाता है कि इस विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसके पूर्व तीन चार कर्मचारी अधिकारी लोकायुक्त जबलपुर कार्यालय द्वारा ट्रेप किए जा चुके है लेकिन अभी भी टाउन प्लानिंग का ढर्रा नहीं बदला है। टाउन प्लानिंग में कोई भी आम आदमी, व्यापारी, कॉलोनाईजर या जिले के नगर पालिका, नगर पंचायतों के ले आऊट पूछते है उनसे भी मनमानी डिमांड की जाती है। ये विभाग को भी नहीं छोड़ते है।



ऐसी स्थिति में जिला कलेक्टर छिन्दवाड़ा से मांग की गई है कि टाऊन प्लानिंग कार्यालय में चल रही मनमानी, भर्राशाही और भ्रष्टाचार के अड्डे को समाप्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाऐं ताकि आम आदमी का काम ले आऊट पास समय पर हो सके। अनेक नगरीय निकायों के नक्शे अभी भी लम्बित है। डिमांड पूरी नहीं होने पर आपत्ति लगाने का क्रम जारी रखा है नगर एवं ग्रामीण निवेश विभाग ने।

हालाकि एक बहुचर्चित कालोनाईजर एवं दो व्यापारियों ने नगर निवेश के उप संचालक के खिलाफ तथा संबंधित कर्मचारी के खिलाफ लोकायुक्त कार्यालय में पुनः शिकायत प्रेषित की है बावजूद इसके टाऊन प्लानिंग के आला अफसरो को डर नहीं है। इनका टारगेट है बिना पैसे के काम नहीं करना। दो व्यापारियों ने वाईस रिकार्ड भी अधिकारी और कर्मचारी के कर चुके है।

अब देखना यह है कि टाऊन प्लानिंग के आला अफसर और विभागीय अधिकारी कर्मचारी समय पर ले आऊट पास करते है या नहीं या फिर पूर्ववर्ती अधिकारियों के समान रंगे हाथों वाली कार्यवाही के शिकार हो सकते है। बहरहाल अभी दर्जनों ले आऊट विभाग में धूल खाते पड़े हुए है। इसके पूर्व के अधिकारियों ने वर्तमान अधिकारियों के समान डिमांड नहीं करते थे। लेकिन अब तो मुह से निकला तो वजन होना, बिना वजन के फाईल खिसकती नहीं है और खिसकी तो साहब के पास अटक ही जाती है।

## सार-समाचार

### समाज एवं शासन के बीच सेतु का काम करती है जन अभियान परिषद : मोहन नागर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष मोहन नगर (राज्य मंत्री दर्जा, म.प्र. शासन) का बुधवार को हुआ छिंदवाड़ा नगर आगमन पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक, समस्त ब्लाक समन्वयक एवम परार्मश दाताओं, नवांकुर एवम प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधिगण एवम समाजसेवियों सहित बी.एस.डब्ल्यू./एम.एस.डब्ल्यू. के स्टूडेंट ने बुके देकर भव्य स्वागत किया एवम जन अभियान परिषद के द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की जानकारी दी। जिसको सुनकर उपाध्यक्ष श्री नागर ने कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी। इसके पश्चात उपाध्यक्ष मोहन नागर ने जन अभियान परिषद के कार्यों की समीक्षा करते हुए बैठक को संबोधित किया।

श्री नागर ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आदर्श ग्राम की परिकल्पना को लेकर जन अभियान परिषद समस्त बिंदुओं पर कार्य कर रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गौ ग्राम एवं सोलर ऊर्जा से संचालित होने वाले पंपों के प्रचार-प्रसार की बागडोर जन अभियान परिषद को सौपी है, जिसमें सभी आदर्श ग्रामों में सोलर ऊर्जा से संचालित पंपों का अधिकतम उपयोग करने हेतु प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा नगर में प्रथम आगमन पर जन



अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष द्वारा आज महाकौशल क्षेत्र के प्रवास दौरान छिन्दवाड़ा नगर में जिले के विकास खण्ड समन्वयकों व नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री आदर्श वृन्दावन गाँव योजना, किसानों को सोलर एनर्जी को लेकर जागरूकता, जैविक कृषि और गौपालन से स्वावलम्बी ग्राम का विकास, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का पुनर्गठन, स्वेच्छिक संगठनों का प्रशिक्षण आदि विषयों पर समीक्षा कर चर्चा की।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने उपाध्यक्ष श्री नागर को छिंदवाड़ा जिले में जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर एवम प्रस्फुटन समितियो के द्वारा गांव-गांव में आदर्श ग्राम की परिकल्पना को पूरा करने पूरे मनायोग से जुटे है बताया साथ ही नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य सहित शासन की समस्त योजनाओ के प्रचार प्रसार में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है जिसकी प्रशंसा शासन भी समय समय पर करते रहता है। बी.एस.डब्ल्यू./एम.एस.डब्ल्यू. के क्लास की जानकारी देते हुए परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा की पूरे जिले के प्रत्येक ब्लाक की कक्षाओं में सी.एम.सी.एल.डी.पी. पाठ्यक्रम को सभी मेंटर्स पूरी क्षमता एवम लगन से अध्ययन कार्य करवाते है एवम बी.एस.डब्ल्यू, एम.एस.डब्ल्यू. के स्टूडेंट भी समस्त असाइमेंट एवम प्रोजेक्ट कार्य को पूरी लगन से शत प्रतिशत पूरा कर रहे है। अपनी प्रयोगशाला ग्रामों में शासन की महती योजनाओं को एवम रचनात्मक कार्य से सभी का दिल जीत रहे है। नवांकुर संस्था का प्रतिनिधित्व करते हुए चंद्रकांत विश्वकर्मा ने नवांकुर एवम प्रस्फुटन समिति के सेवा भावी कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, विकासखंड समन्वयक जुन्नारदेव संजय बामने, परासिया संजीव भावरकर, हर्रई आशीष नेमा, मोहखेड़ भवानी कुमरे, बिछुआ दीपक गेडाम, अमरवाड़ा सुश्री वंदना राकेसिया, चौरई ललिता कुशरे, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी परामर्शदाता विनोद तिवारी, नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### मप्र शिक्षक संघ का जिला निर्वाचन 23 फरवरी को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार छिंदवाड़ा जिले के तहसील विकासखण्ड एवं नगर के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हो चुके हैं । ये कार्यकारिणी अब जिले की कार्यकारिणी का निर्वाचन करेगी जिसमें एक अध्यक्ष, एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष, छः उपाध्यक्ष, छः सह सचिव एवं 8 कार्यकारिणी के सदस्य तथा 2 सदस्यों का मनोनयन कार्यकारिणी द्वारा किया जायेगा।

# उप संचालक ने किया मोहखेड़ के किसानों की फसलों का अवलोकन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सपतुड़ा अंचल छिन्दवाड़ा में कृषि उत्पादन में तरह तरह के नवाचार किए जा रहे है जिसमें उप संचालक कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग की टीम सतत किसानों को सलाह एवं समय समय पर मौसमी जानकारी देते हुए अच्छे बीजों का प्रयोग करने की सलाह दी जाती रही है। उसी के अनुसार किसानों द्वारा की जा रही उत्तम पद्धति से खेती देखने के लिए उप रहा है और उनके लिए उन्नत चारों का उत्पादन भी किया जाता है।

इसके अलावा जैविक विधि से उर्वरक का उपयोग फसलों में किया जा रहा है और लहसुन का उत्पादन रेंज बेड पद्धति से ड्रिप इरिगेशन सिस्टम के माध्यम से किया गया जिससे उत्पादन में वृद्धि देखी गई। फार्म स्कूल के माध्यम से सरोडरा ग्राम में गेहूं, चना और सरसों की अंतर्वर्ती फसल की खेती की जा रही चना और अन्य फसलों की उन्नत तकनीकों के साथ ड्रिप से सिंचाई की जा रही है। जैविक एवं रासायनिक खेती को अलग-अलग क्षेत्रों में अपनाया गया है, जिससे उत्पादन में वृद्धि संभव हो सके।

इस भ्रमण में उपसंचालक कृषि जितेंद्र सिंह के साथ नीलकंठ पटवारी अनु. विभागीय कृषि अधिकारी, डी.एस. घागरे (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहखेड़), प्रिया कराड़े



संचालक कृषि छिंदवाड़ा जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम द्वारा आज विकास खण्ड मोहखेड़ का भ्रमण किया गया। इस दौरान कृषक शरद चौव्हान के फार्म हाउस का अवलोकन किया गया, जो ग्राम गाडरवाड़ा में स्थित है।

यहाँ फूलों की खेती, विशेष रूप से झरबेरा एवं अन्य फूलों की उन्नत तकनीक से खेती की जा रही है। इसके अतिरिक्त तीन घन मीटर का बायोगैस संयंत्र भी स्थापित किया गया है। फार्म हाउस में उन्नत नस्ल की गिर गायों का पालन भी किया जा है, जिसके लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

ओम प्रकाश शेरके ग्राम खेड़ी में उन्नत तकनीक से चने की किस्म ष्दफ्तरीष् को रेज बेड विधि से लगाकर ड्रिप इरिगेशन से सिंचाई की जा रही है, जिससे फसल की स्थिति अच्छी पाई गई।

इसके अतिरिक्त कमल पाठे (ग्राम बीसापुर खुर्द), बुद्धमान मोहने पटेल (ग्राम बीसापुर कला) और अन्य कृषकों के खेतों का अवलोकन कर उन्हें तकनीकी सलाह दी गई। इन खेतों में शिमला मिर्च, सेमी, गेहूं, (ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर मोहखेड़), मधु बेन, हजारी धुर्वे और दिनेश धुर्वे (कृषि विस्तार अधिकारी) भी उपस्थित थे। उन्होंने कृषकों को उचित मार्गदर्शन और तकनीकी सलाह दी ताकि वे अधिक से अधिक उत्पादन कर सकें।

बता दें कि अब तक उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह और उनकी टीम के अलावा स्वतः जिला कलेक्टर छिन्दवाड़ा शीलेन्द्र सिंह द्वारा अनेको प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और फूलों की खेती का निरीक्षण कर चुके है।

# नगर भाजपा मंडल ने किया शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हिंदवीं स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा नगर मंडल छिंदवाड़ा द्वारा स्थानीय शिवाजी चौक पर स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि हिंद स्वराज के संस्थापक, परम प्रतापी योद्धा एवं सर्वश्रेष्ठ रणनीतिकार छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों को परास्त कर हिन्दू स्वराज्य की स्थापना की थी। माँ भारती की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले ऐसे महान शासक शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण हेतु कार्य कर रहा है। इस अवसर पर नागपुर रोड स्थित शिवाजी स्मारक पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला के साथ प्रमुख रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष नीरज भारद्वाजए नगर निगम सभापति एवं वार्ड पार्षद बलराम साहू, पार्षद एवं कर्मचारी नेता जगदीश गोदरे, भाजपा नेता तरूण किनडा, मंडल उपाध्यक्ष जीतसिंह रघुवंशी, कुंदन मिगलानी, जीतेन्द्र पीपले, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विवेक चौहान डब्बू, एस.टी. मोर्चा अध्यक्ष कमलेश कवडेती, एस. मोर्चा से राज गोहर, सूरज वर्मा, शुभम नागवंशी, मानसिंग यादव समेत भाजपा नेता कार्यकर्ताओं द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया गया ।

# जिला क्षत्रिय मराठा समाज ने आयोजित किया कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बुधवार को जिला क्षत्रिय मराठा समाज ने स्थानीय शिवाजी चौक पर धूमधाम से मनाई। एक दिन पूर्व स्मारक स्थल पर आकर्षक साज सज्जा एवं रोशनी की गई। वहीं भगवा ध्वज फहराया गया। सुबह 9 बजे शिवाजी चौक स्थित प्रतिमा के समक्ष सभी मराठा बंधु, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित मराठा बंधुओं और मातृशक्तियों ने फूल माला अर्पण कर शिवाजी महाराज को नमन किया। इस दौरान वरिष्ठों ने अपने वक्तव्य में बताया कि शिवाजी राजे भोसले भारत के महान योद्धा एवं रणनीतिकार थे। उन्होंने ही पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। 19 फरवरी 1630 को पुणे के शिवनेरी दुर्ग में जीजाबाई और शाहजी भोंसले के घर शिवाजी का जन्म हुआ था। वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के शौर्य जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं महिला शक्ति उपस्थित रहीं।

मराठा समाज के जिला अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि पूजन पाठ के पश्चात मराठा समाज के युवाओं ने जोश के साथ हाथ में केशरिया ध्वज लेकर जय भवानी जय शिवाजी के नारे लगाए। जिला अध्यक्ष श्री काटकर ने बताया कि बुधवार की ही शाम को 6 बजे से चंदनगांव स्थित पवार मंगल भवन में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित रहे। मराठा समाज के महिला नगर अध्यक्ष श्वेता ताठे ने बताया कि पवार मंगल भवन में बच्चों की नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई जिसमें बच्चों ने बढ़.चढ़र हिस्सा लिया। वहीं उपस्थित सामाजिक बंधुओं के लिए उपहार कूपन योजना भी रखी गई थी जिसका ड्रा निकाला गया।



# कांग्रेस ने छत्रपति शिवाजी महाराज को किया कोटि-कोटि नमन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जननायक मराठा साम्राज्य के शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को कांग्रेस ने पूर्ण हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतनिधिगण, शहर कांग्रेस के पांच भागों के अध्यक्षगण सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एवं कांग्रेस के समस्त मोर्चा व संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए।

कांग्रेसजन सामूहिक रूप से ई.एल.सी. चौक स्थित शिवाजी



महाराज की आदमकद प्रतिमा स्थल पर पहुंचे, जहां कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धा के पुष्प व पुष्पहार अर्पित कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कांग्रेस के वक्ताओं ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज को बहादुर, बुद्धिमान, शौर्य से परिपूर्ण व महान राजा के रूप में पूजा जाता है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम शिवाजी महाराज को नमन किया साथ ही नगर व जिलेवासियों को कमलनाथ एवं नकुलनाथ व कांग्रेस परिवार की ओर से शिवाजी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि जिले का विकास कमलनाथ व नकुलनाथ ने किया है और आगे भी करते रहेंगे। वीर छत्रपति शिवाजी महाराज ने कम उम्र में ही धर्म की रक्षा का संकल्प लिया और उसे पूरा भी किया।

उन्होंने अनेकों युद्ध लड़े और उनमें विजय भी प्राप्त की। अपना पूरा जीवनकाल धर्म की रक्षा में समर्पित कर दिया। शूरवीर शिवाजी महाराज का नाम इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। धर्म व देश के लिये उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज ने अपना सम्पूर्ण जीवन धर्म, राष्ट्र व मानव जीवन की रक्षा में समर्पित किया। उनकी वीरता व समर्पण को युगों युगों तक याद किया जाएगा। शिवाजी महाराज एक कुशल शासक होने के साथ ही धर्मनिष्ठ भी थे, उनके पराक्रम की गाथाएं प्रेरणा से भरी है। कार्यक्रम में मंच संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अजय मैद, सुरेश कपाले, नितिन उपाध्याय, दीपा यादव, जाकिर परवेज, नदीम अहमद, तरूण कराड़े, शैलू पाटनकर, टिंकू राय, शैलेष ठाकुर आरिफआदि मौजूद थे।

# तामिया आंगनबाड़ी में नियुक्ति का मामला गर्माया

**तामिया, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्तियों का मामला बीते एक वर्ष से अधिक समय से उलझा हुआ है। तामिया के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बचाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी करते हुए छह नियुक्तियों की प्रक्रिया निरस्त कर दिया, जिससे हंगामा खड़ा हो गया है।

**बिना कोरम पूरी बैठक में हुई नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त**

7 फरवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की भर्ती प्रक्रिया को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में चयन समिति के सदस्य जिनमें जिला पंचायत अध्यक्ष और सभापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे, उपस्थित नहीं हुए। कोरम पूरा न होने के कारण बैठक निरस्त कर दी गई, बावजूद इसके अधिकारियों ने मनमाने तरीके से तामिया की छह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त कर दी।

इस पूरे मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार का कहना है कि सी.ई.ओ. जिला पंचायत, ए.डी.एम., और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बिना कोरम के अपनी मनमर्जी से नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करना गलत है जन प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी में निर्णय लेना गलत है।

**गायब फाइलें और संदेहास्पद घटनाक्रम**



नियुक्तियों के निरस्त होने के पीछे जो सबसे चौंकाने वाला मामला सामने आया वह यह था कि अभ्यर्थियों की मूल दस्तावेजों की फाइल तामिया कार्यालय से अचानक गायब हो गई। बाद में सूत्रों के अनुसार एक अज्ञात महिला उक्त फाइलों को एक थैली में भरकर जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में छोड़ गई। जब ये दस्तावेज मिल गए तब भी इन्हें अनुपलब्ध बताकर नियुक्तियों प्रक्रिया को निरस्त किया गया जिससे संदेह बढ़ गया है। गायब फाइल पुलिस के पास जिला कार्यालय द्वारा सौंप दी गई है।

**नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं**

पूर्व की नियुक्ति चयन प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि नए अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु चयन को बिना ठोस आधार के निरस्त किया गया है। इस घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी के आदेश और पुलिस की भूमिका**

महिला एवं बाल विकास परियोजना तामिया की आंगनवाड़ी केंद्रों चौराडोंगरी, सीताडोंगरी और ग्राम कुर्सीढाना, टेकाढाना एवं इंदिरा कॉलोनी तामिया की आंगनवाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज परियोजना कार्यालय से गायब हो गए थे। इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा 4 नवंबर 2024 को जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति ने 14 नवंबर 2024 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी, जिसके आधार पर थाना प्रभारी तामिया को एफ.आई.आर. दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। हालाकि थाना प्रभारी तामिया का कहना है कि विभाग द्वारा एफ.आई.आर. के लिए पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए और न ही किसी पर जिम्मेदारी तय की गई जिससे मामला अब भी अधर में लटका हुआ है।

**क्या होगी आगे की कार्रवाई**

इस पूरे मामले में पारदर्शिता की कमी और प्रशासनिक लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। क्या नियुक्तियों के लिए चयनित को दोबारा मौका नहीं मिल सकता, क्योंकि प्रकिया रद्द हो गई है अब प्रशासन इस मामले में दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई करेगा यह सवाल अब भी बना हुआ है कि इस मामले में एफ.आई.आर. होगी या नहीं पूरा साक्ष्य महिला बाल विकास देगा अथवा शांत बैठा रहेगा।

# प्रशासन की शह पर फल-फूल रहा है भू माफियाओं का खुला खेल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** क्षेत्र की सरकारी, गैर सरकारी, वैध-अवैध जमीनो को राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिली-भगत से बड़े स्तर पर भू-भाग पर अवैध कब्जा जमाने और निर्माण कार्य कराने के बाद अब माफिया से जुड़े लोगों की नजर यहां धार्मिक आस्था से जुड़ीं पवित्र दरगाह शरीफ की उस जमीन और रास्ते को हतियाने पर लगी हुई है, जो करीब 130 साल पुरानी है तथा आज से करीब 60 साल पहले भू-स्वामी ने दरगाह शरीफ के लिए खुला छोड़ रखा था।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर पालिका डोंगर परासिया के उत्तर दिशा की सीमा से लगा हुआ ग्राम पंचायत मायावाड़ी के वार्ड क्रमांक-17 के भीमसेन पहाड़ी क्षेत्र में राजस्व विभाग के खसरा नंबर 321 व 322 पर जमीन की खरीद फरोख्त का विवाद विगत लंबे समय से थमने का नाम नहीं ले रहा है।

जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में जमीन की अवैध खरीद एवं बिक्री का खेल लंबे समय से चल रहा है, जिसमें कुछ राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध व चर्चाओं में रही है। यही कारण है कि पूरा क्षेत्र अवैध निर्माण कार्यों से भर गया है और जिम्मेदार प्रशासन लंबे समय से मूक-दर्शक की भूमिका निभा रहा है। यहां पर नागरिकों द्वारा सबसे बड़ा गंभीर आरोप क्षेत्रीय पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक पर लगाया जा रहा है।

कहा जाता है कि इनकी खास मिली भगत से जमीन की खरीद फरोख्त एवं बिक्री से जुड़े ऐसे तमाम अवैध कार्य वर्षों से बेखौप होकर किया जा रहे हैं, जिन्हें अवैध और गैर कानूनी की श्रेणी में माना जाता है। हद तो तब हो गई जब संबंधित भ्रष्ट अधिकारियों एवं भू-माफिया की गतिविधियों पर न्यायालय के आदेशों का भी कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। यहां जमीन की खरीद फरोख्त एवं बिक्री से जुड़े ऐसे तमाम कार्य वर्षों से किए जा रहे हैं। प्रभावित तमाम लोगों द्वारा बार-बार अधिकारियों तथा न्यायालय की शरण में जाकर लगातार गुहार लगाई जा रही है, परंतु क्षेत्र की व्यवस्था और भू-माफिया से जुड़े लोगों की ताकत इतनी अधिक बढ़ गई है की उनकी गैर कानूनी कार्य प्रणाली पर इसका कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है।

जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम धार्मिक आस्था से जुड़े लोगों के लिए हजरत जमालुद्दीन पहलवान शाह से जुड़ी एक करीब 130 साल पुरानी दरगाह शरीफ है जो भीमसेन घाटी की पहाड़ी पर स्थित है। पहले इसके नीचे का पूरा क्षेत्र वीरान सुनसान हुआ करता था और मुख्य सड़क मार्ग से होकर एक बड़ा कच्चा रास्ता दरगाह शरीफ की तरफ निकलता था जो आज भी मौजूद है।

## कई मामलों में नहीं हुई कार्रवाई

उक्त पहाड़ी पर स्थित दरगाह का निर्माण कर करीब 70 वर्ष पूर्व जन् सहयोग से कराया गया था। कहा जाता है कि उन दिनों यह जमीन अनोखी बाई नामक महिला की हुआ करती थी जिसकी कोई औलाद नहीं थी। वह इस दरगाह को बहुत मानती थी। उन्हीं के द्वारा दरगाह तक पहुंचने के लिए मुख्य सड़क से 10 फीट चौड़ा रास्ता निकाला गया था। जिस पर से होकर धार्मिक आस्था से जुड़े लोग बड़ी संख्या में आसानी से दरगाह शरीफ तक आना-जाना करते रहे हैं।

इस भूमि का कुछ अंश दरगाह के लिए सुरक्षित रखने के लिए 1977 में अब्दुल गफ्फार कलंदर उर्फ (बापू) वल्द अब्दुल रहीम निवासी भीमसेन के द्वारा जन सहयोग से दरगाह तक पहुंचने के लिए पहाड़ी पर पक्की सीढ़ियों का निर्माण भी कराया गया था। बाद में परासिया क्षेत्र के कांग्रेस विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने भी अपनी विधायक निधि से करीब दो लाख रुपए की धनराशि देकर इस दरगाह का कायाकल्प कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। परंतु भूमि-स्वामी अनोखी बाई के निधन के बाद एक बार फिर यहां पर पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार जैसे अधिकारियों की लापरवाही एवं मिलीभगत से अवैध रूप से निर्माण कार्य के लिए जमीन की खरीद फरोख्त शुरू की गई।

इस दौरान दरगाह तक जाने वाला 10 फीट चौड़ा रास्ता को भी हथियाना का प्रयास किया जाने लगा। जिसको लेकर प्रार्थी अब्दुल गफ्फार कलंदर उर्फ (बापू) ने अपने दर्जन भर क्षेत्रवासियों समर्थकों के साथ विरोध जताते हुए सिविल न्यायालय परासिया में न्याय की गुहार लगाई जहां वर्ष 2012 में न्यायालय ने प्रार्थीगणों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को अव्यवस्था के लिए फटकार लगाई। परंतु कुछ वर्षों तक सब कुछ ठीक रहने के बाद यहां अब संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से एक बार फिर भू-माफिया के लोग सक्रिय हो गए। जो पवित्र दरगाह को जोड़ने वाला 10 फीट चौड़ा रास्ता पर जोर जबरदस्ती के बल पर अतिक्रमण करने एवं कब्जा जमाने का प्रयास करने लगा है।

क्षेत्रीय एस.डी.एम., तहसीलदार, पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के कार्यालय में जाकर बार-बार शिकायतें की गई परंतु इसका कोई असर नहीं होने पर इस संबंध में संबंधित पीडति लोगों के द्वारा न्याय के लिए हाई कोर्ट जबलपुर में याचिका दायर की गई जहां पर भी न्यायालय ने संबंधित स्थान पर अतिक्रमण को रोकने के लिए स्थगन आदेश जारी भी किया परंतु यह दुर्भाग्य की बात है कि परासिया क्षेत्र के एस.डी.एम., तहसीलदर तथा पटवारी और राजस्व निरक्षक जैसे अधिकारी कर्मचारी न्यायालय के स्टे ऑर्डर को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

## सार-समाचार



### आज से 27 फरवरी तक चलेगा शिव मंदिर में भंडारा

**पालाचौरई, देशबन्धु।** शिव भक्त कमल मदान एवं शिव के सेवक भंडारा समिति के द्वारा विगत लगभग 18 वर्षों से जुन्नारदेव विशाला स्थित भोलेनाथ के मंदिर पहली पायरी में विशाल भंडारा कराया जा रहा है। इस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज 20 फरवरी से निरंतर 24 घंटे चलने वाले इस भंडारे का समापन 1 सप्ताह बाद 27 फरवरी 2025 गुरुवार को किया जाएगा। विभिन्न प्रांतों से खासतौर से नागपुर महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में आने वाले हजारो शिव भक्तों को भंडारा स्थल मे भंडारा भोजन प्रसाद खिलाया जाता है। इस वर्ष लगभग 80 से 90 हजार की संख्या में विभिन्न प्रांतो से आने वाले शिव भक्त इस भंडारा में उपस्थित होकर भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### आज दिशा समिति की बैठक लेंगे सांसद साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 20 फरवरी को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक लेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि सभी योजनाओं का



लाभ आम नागरिकों और हितग्राहियों को समय सीमा में मिले। जिसे लेकर सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रमुख जनप्रतिनिधियों को इस समिति में शामिल करते हुए कार्ययोजना तैयार की है, जिसे लेकर यह बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमें वे जिला उद्योग केन्द्र, जिला संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए उनके विभागों से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान समिति के सभी सदस्यगण प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### सांसद ने सुरेन्द्र सिंह शक्रवार के निधन पर जताया दु:ख

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाराजा लॉन के पीछे प्रगति कॉलोनी निवासी प्रवीण सिंह शक्रवार के पिता एवं इन्द्रजीत सिंह बैस के बहनोई सुरेन्द्र सिंह शक्रवार का गत दिनों निधन हो गया था। जिस पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करें। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।

### 40 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**करकबेल, देशबन्धु।** ठेमा थानांतर्गत बड़गुवा फैक्टरी के पास पुलिस दो युवकों को 40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। स्मैक की कीमत चार लाख रुपए बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार मुखबिर से बुधवार को सूचना मिली कि बड़गुवा फैक्टरी के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे है। थाना ठेमी पुलिस ने स्टाफ के साथ दबिश देकर दो युवकों की तलाशी ली तो उनके पास रखे काले बैग में 40 ग्राम स्मैक पाई गई। पूछताछ में युवकों ने अपना अजय उर्फ अज्जू लोधी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम नयागांव थाना ठेमी और लाखन सिंह लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रहली थाना गोटेगांव बताया। स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये है।इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक राजेश तिवारी, प्रआर अवधेश पटेल, प्रआर कुलदीप सिंह, आकर आर 176 चन्द्रप्रताप पटेल आर 571 विजय वासुकी, आर 178 आशीष सिलावट का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# प्राथमिक शिक्षक की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल द्वारा विकासखंड मोहखेड़ की शासकीय प्राथमिक शाला रैयपुरा, संकुल केन्द्र उमरानाला के प्राथमिक शिक्षक गोपीचन्द भलावी द्वारा 24 दिसंबर 2024 को समय से एक घण्टे पूर्व ही शाला बंद किये जाने के कारण प्राथमिक शिक्षक श्री भलावी की एक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकी जाकर दण्डित किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले के विकासखंड मोहखेड़ की शासकीय प्राथमिक शाला रैयपुरा, संकुल केन्द उमरानाला के 24 दिसंबर 2024 को समय से एक घण्टे पूर्व ही बंद किये जाने की प्राप्त शिकायत की जांच विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द मोहखेड़ के द्वारा जनशिक्षक, जनशिक्षा केन्द्र सारंगबिहरी द्वारा कराई जाकर प्रतिवेदन 04 फरवरी 2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया।

प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला रैयपुरा संकुल केन्द्र उमरानाला विकासखंड मोहखेड़ में कुल 02 शिक्षक कार्यरत हैं तथा शाला में 15-बच्चे अध्ययनरत हैं। शाला में अध्ययनरत 15 बच्चों में से 11 बच्चे ओलम्पियाड की परीक्षा देने के लिए 24 दिसंबर 2024 को शाला के एक शिक्षक के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगबिहरी गये हुये थे।

शाला मे शेष 04 बच्चे इस तिथि को अनुपस्थित थे। शाला के दूसरे प्राथमिक शिक्षक श्री भलावी 24 दिसंबर 2024 को विद्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। प्राथमिक शिक्षक श्री भलावी के द्वारा 24 दिसंबर 2024 को शाम 04.00 बजे ही शाला बंद कर दी गई।

# मोहखेड़ पंच कल्याणक में सांसद ने लिया महाराज का आशीर्वाद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों पंचकल्याणक महोत्सव में पहुंचकर कार्यक्रम में मौजूद श्री 108 पूज्य सुप्रभात सागर जी महाराज, महाराज प्रणसागर जी एवं आचरण सागर जी महाराज जी का आशीर्वाद लेते हुए जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

उल्लेखनीय है कि मोहखेड़ में 15 से 19 फरवरी तक आयोजित इस विशाल पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रात:काल मंगलवाद्य, जिनाभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, तप कल्याणक पूजन एवं शांति होम सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

विगत दिनों सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम में पहुंचकर इस विशाल आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस दौरान सर्वप्रथम समिति की ओर से सांसद श्री साहू का सम्मान किया गया।

सांसद श्री साहू ने सभी महाराजों का आर्शीवाद लिया और कार्यक्रम स्थल पर ही बैठकर उनकी अमृत वाणी को सुना। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष जैन, परमजीत बिज, जगेन्द्र अल्डक, चंद्रकुमार (चंदू) जैन, सौरभ ठाकुर, रोहित पोफ्ली, मदन साहू, गगन कोल्हे, एस.डी.एम. सुधीर जैन, भाजपा नेता लखन, जित्तू राय एवं ग्राम के सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु गण उपस्थित थे।

# 24 मप्र बटालियन एनसीसी का अलंकरण समारोह आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा संभाग के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि 24 मध्यप्रदेश बटालियन एन.सी.सी. यूनिट ने समस्त मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में मौजूद 62 एन.सी.सी. यूनिट की अंतर इकाई वार्षिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। छिंदवाड़ा के लिए यह गौरव का पल ऐतिहासिक है। इस उपलक्ष्य में 24 मध्यप्रदेश बटालियन एन.सी.सी. ने अपनी इकाई में गत दिवस एक अलंकरण समारोह आयोजित किया जिसमें छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि सांसद साहू का सत्कार पारंपरिक एन.सी.सी. गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। इसके बाद सांसद श्री साहू ने उत्तम प्रशासनिक कार्य एवं योगदान के लिए 24 मध्यप्रदेश बटालियन के एन.सी.सी. ऑफिसर, प्रशिक्षक, ऑफिस कर्मचारी एवं एन.सी.सी. कैडेट को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

उपस्थित एन.सी.सी. के अधिकारियों कर्मचारी और कैडेट्स को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने उनके निरंतर कर्मठ कार्य शैली और मेहनत की सराहना की एवं समस्त मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में आयोजित अंतर इकाई वार्षिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

24 मध्यप्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के कुशल निर्देशन के लिए सांसद श्री साहू ने उनकी पीठ थपथपाई। 24 मध्यप्रदेश बटालियन की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए सांसद श्री साहू ने खासतौर पर पौधारोपण और अग्निवीर भर्ती मेला जैसे बड़े आयोजनों की तारीफ की और उन्होंने प्रांतीय जीवन में और युवाओं के रोजगार अवसरों को बढ़ाने में योगदान की चर्चा की। अंत में सांसद श्री साहू ने 24 मध्यप्रदेश बटालियन का निरीक्षण किया और सभी सदस्यों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

# कलेक्टर ने ली जनपद पंचायत चौरई में समीक्षा बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार के साथ जनपद पंचायत चौरई में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों के साथ विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित आवासों को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि लाभार्थियों को जल्द से जल्द उनका घर मिल सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में 20 से अधिक पी एम आवास स्वीकृत हुए हैं, वहां एक साथ निर्माण सामग्री जैसे रेत, सीमेंट, गिट्टी और सरिया उपलब्ध कराई जाए। इससे सामग्री की लागत को कम करने में मदद मिलेगी और लाभार्थियों को उचित दर पर सामग्री प्राप्त होगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने उन ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जहां 20 से अधिक पी एम आवास अब तक पूर्ण नहीं हुए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द लंबित मामलों का निराकरण करने के आदेश भी दिए। जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम आवास सहित अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप और पारदर्शिता के साथ किए जाएं।